धर्म | मंदिरों और वट वृक्षों के पास लगी रही महिलाओं की भीड़, सुख समृद्धि की कामना

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत





**नवभारत, जबलपुर।** शहरी संग ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुहागन महिलाएं सज-धजकर मंदिरों और वट वृक्षों के पास पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत कथा सुनी और धार्मिक भजनों के बीच पूजा संपन्न की। वट सावित्री व्रत को हिंदू धर्म में विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि यह व्रत पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है।

### सुबह से देखने मिली भीड़

महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसके चारों ओर धागा बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा का श्रवण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप और दृढ़ संकल्प से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे, तभी से यह व्रत सुहागन महिलाओं द्वारा श्रद्धा के साथ रखा जाता है। शहर के विभिन्न मंदिरों और पूजा स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। कई महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पूजा की, वहीं घरों में भी पारंपरिक तरीके से पूजन कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। पूजन के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं दीं और परिवार में सुख-शांति बनी रहने की प्रार्थना की।

## सार्वजनिक दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर में वट सावित्री व्रत पर किया पूजन



ज्येष्ठमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि सार्वजनिक दुर्गा हनुमान मंदिर परिसर सरस्वती कॉलोनी में शनिवार को वट सावित्री व्रत पूजन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। सुबह से ही मातृशक्तियों द्वारा अखंड सौभाग्य और पवित्रता का प्रतीक वट वृक्ष में रक्षासूत्र, रोरी, चंदन ,सुपारी ,अक्षत ,नारियल , फ़ल मिठाई दीपक इत्र इत्यादि अर्पण कर बड़ी श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन आरती का दौर शुरू हो गया था। सभी मातृशक्तियों ने इस मौके पर कथा सुनी और फिर बरगद के पेड़ की परिक्रमा करते हुए भजन गीत गाकर धूमधाम से पर्व मनाया। विदित हो कि इस व्रत में वट वृक्ष की पूजन में ब्रह्मा विष्णु ओर महेश तीनों देवताओं का वास है जिसमें सावित्री माता का विशेष पूजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रतिभा भापकर,अनिता गुप्ता,शकुन ठाकुर,रश्मि चौधरी,किशोरी सोनी,सुनीता शर्मा,सुषमा अग्रवाल,अनिता शर्मा,अनु कूचियां,अर्चना पटेल,सुमन चौहान,सरिता शास्त्री,रेखा तिवारी,पूजा शर्मा,प्रति गुप्ता,रजनी पटेल,विनीत गुप्ता,वंदना बिल्थरिया,नीलू उपाध्य,रानी तिवारी, पं वीरेंद्र दुबे,अध्यक्ष देवेंद्र नेमा सहित समिति के अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

## इनका कहना है



पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए हमने वट सावित्री व्रत रखा और मुझे इस व्रत को रखते हुए 60 साल हो गए है।

**राधा रानी**



वट सावित्री व्रत की हार्दिक शुभका मनाएँ सभी बहनो को। ये व्रत अखंड सौभाग्य से पूर्ण किया जाता है।

**रीता विश्वकर्मा**

# शनि जयंती पर शनिधाम तिलवारा घाट में हुआ महाभिषेक, पुष्प श्रृंगार के साथ लगा 56 भोग

**हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शनि प्राकट्य महोत्सव**



**नवभारत, जबलपुर।** शनि जन्मोत्सव का पर्व और साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या के शुभ अवसर पर तिलवारा शनिधाम स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव का सहस्त्र कमल, मोगरा, रजनीगंधा, आक, केवड़ा, गुलाब के फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। इसके साथ भव्य रामचरित मानस पाठ के साथ अगर, चन्दन, तेल, सुगांधित इत्र से महाभिषेक भी किया गया। इस अवसर पर मथुरा वृंदावन से आये महाराज द्वारा निर्मित 56 भोग भी अर्पण किया गया और फलों से सहस्त्रनाम सहस्त्रार्चन भी किया गया। शनि मंदिर तिलवारा में पूरे दिन सरसों तेल से बने कढी चावल, पूड़ी, सब्जी, खीर, खिचड़ी सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध भजन गायक दीपक मेहता एवं कलाकारों द्वारा शनि गाथा की संगीतमय प्रस्तुति देर रात्रि तक दी गई।

## विधि-विधान से किया गया पूजन पाठ

मंदिर के व्यवस्थापक पं. सतीश तिवारी ने बताया की वैदिक पंचांग के अनुसार भरणी और कृतिका नक्षत्र के साथ बुधादित्य और केदार योग में शनि जयंती पर शनिदेव से साढ़ेसाती और शनि की पीड़ा से छुटकारा पाने श्रृद्धालु भक्तों ने काली तिल, खील, नींबू तेल सुगांधित इत्र अर्पित कर पूजन किया। श्री शनिधाम तिलवारा मे विधि विधान से पूजन अर्चना पं सतीश महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा , भगवान दास चौरसिया, विध्येश भापकर , नितिन भाटिया संजय तिवारी , शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय , शिवा तिवारी, अशोक साहू, आशीष सिंगहरा, गणेश साहू, विजय पटेल, विजय ठाकुर,राजकुमार पटेल ,लक्ष्मण पटेल , गौरव सेनी, करण भट्टाचार्य ,पद्दू उप्रींत, सचिन बुधौलिया आदि द्वारा किया गया।

**एक नजर में**

## 21 मई से शुरू होगा दत्त महायज्ञ



**नवभारत, जबलपुर।** श्री दत्त भजन मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास में श्री दत्त महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संस्था के सचिव शरद आठले ने जानकारी दी कि मंडल के 94 वर्ष के इतिहास में प्रथम बार इस भव्य एवं दिव्य आयोजन को किया जा रहा है। इस महायज्ञ की पूर्व संध्या पर 20 मई को सायंकाल भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो श्री दत्त मंदिर से प्रारंभ होकर गोलबाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुन: श्री दत्त मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा में भगवान श्री दत्तात्रेय की आकर्षक पालकी, साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति तथा शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। यह आयोजन पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री दत्त मंदिर परिसर में 21 से 25 मई तक पंचदिवसीय भव्य एवं दिव्य श्री दत्त महायज्ञ के रूप में दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय चरण सायं 4 बजे से 6:30 बजे तक होगा, जिसके तत्पश्चात महाआरती होगी। यह पूरा आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-यज्ञ, भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा। महायज्ञ के मुख्य आचार्य पं. वेदमूर्ति कृष्णाशास्त्री आवीर्कर (नागपुर) रहेंगे तथा उप आचार्य पं. गणेश नारायण पाळंदे शास्त्री (वाराणसी) होंगे।



## विद्यार्थियों को दिए गए तनाव मुक्ति के गुरुमंत्र

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 42 विद्यार्थी उपस्थित रहे। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मनोवैज्ञानिक साक्षी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। वर्तमान समय में बढ़ते कार्यभार, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव और डिजिटल जीवनशैली के कारण मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहा है। मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं, बल्कि खुशहाल, आत्मविश्वासी और संतुलित जीवन जीने की क्षमता है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना (जबलपुर संभाग) के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने अपने विचार साझा किए। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## त्रिदिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कैंप का समापन



**नवभारत, जबलपुर।** शासनोदय विद्या गुरु पाठशाला दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, हनुमानताल के तत्वावधान में त्रिदिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कैंप का सफल आयोजन किया गया था। यह कैंप विभूति दीदी के मार्गदर्शन एवं एक्सपर्ट प्रशिक्षक शिक्षिका श्रीमती सुरभि जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ। ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बच्चों के भविष्य को कला के क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कैंप के प्रथम दिवस पर बच्चों को पूजा की थाली बनाना सिखाया गया। इसके बाद द्वितीय दिवस पर फ्रिज मैग्नेट तथा तृतीय दिवस पर टाई एंड डाई के रुमाल एवं टेबल क्लॉथ बनाना सिखाया गया। श्रीमती सुरभि जैन ने अपने सुव्यवस्थित प्रशिक्षण, अनुशासन एवं मधुर वाणी से बच्चों का मन मोह लिया, जो अत्यंत सराहनीय रहा।इस आयोजन में पाठशाला की शिक्षिकाओं नमिता जैन, नीलम जैन, अवनि जैन, सोनम जैन एवं आर्यन जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कैंप के समापन अवसर पर बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्रीमती मिश्री जैन, स्वाति जैन एवं आरती जैन उपस्थित रहीं, जिनका आयोजन समिति द्वारा साधुवाद ज्ञापित किया गया।



## सीवी आनंदन को मिला खेल उत्कृष्ट पुरस्कार

**आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था ने किया सम्मानित**

**नवभारत, जबलपुर।** मानस भवन सभागार राइट टाउन जबलपुर में मध्य प्रदेश में आर्ट ऑफ लिविंग की सर्वोच्च संस्था के सदस्यों एवं सुनील मालू के द्वारा गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के जन्मदिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग ऑर्गेनाइजेशन की ओर से सी' वी' आनंदन को खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के कारण खेल उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सी' वी' आनंदन को ये पुरूस्कार उनके विगत 40 वर्षों के अमूल्य, निस्वार्थ, त्याग एवं समर्पण की भावना, योगदान को देखते हुए दिया गया है। इस अवसर पर शहर के विशिष्ट क्षेत्र में योगदान देने वाले गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**नवभारत, जबलपुर।** जिला साहू समाज, जबलपुर द्वारा साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 17 मई रविवार को मानस भवन, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित रहेगा। जिला साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान करना एवं पारिवारिक परिचय के माध्यम से वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में परिवारों के शामिल होने की संभावना है।

# नवागत असिस्टेंट इंजीनियर्स ने प्राप्त किया प्रशिक्षण




**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 46 नव-नियुक्त असिस्टेंट इंजीनियरों ने देश के प्रतिष्ठित नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (एनपीटीआई), नागपुर में आयोजित 12 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। नये शामिल इंजीनियर्स की तकनीकी दक्षता एवं व्यावसायिक क्षमता को सुदृढ़ करने के मूल उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 के ए बैच के इंजीनियरों को विद्युत पारेषण प्रणाली, ग्रिड प्रबंधन, सबस्टेशन संचालन एवं अनुरक्षण, सुरक्षा मानकों, आधुनिक तकनीकी उपकरणों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता से संबंधित उन्नत विषयों का व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। असिस्टेंट इंजीनियर के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण समाप्ति पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि प्रशिक्षु असिस्टेंट इंजीनियर इस प्रतिष्ठित संस्था मे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग कंपनी की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा प्रदेश मे गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत पारेषण व्यवस्था सुनिश्चित करने में करेगें।

### इनका रहा प्रमुख योगदान

नागपुर में आयोजित 12 सप्ताह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन में अधीक्षण अभियंता सुनील यादव एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता नवीन पांडे का विशेष योगदान रहा। इन अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान सतत निगरानी एवं समन्वय करते हुए इंजीनियरों को उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया।





# बाजनामठ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सुबह से लगी रही भक्तों की लंबी कतारें**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के शास्त्री नगर स्थित बाजनामठ मंदिर में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। अल सुबह से ही मंदिर में पूजन पाठ और दर्शन के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरता नजर आया। मंदिर में शनि देव की विशेष पूजा, तेल अर्पण और धार्मिक अनुष्ठान किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### शनि अमावस्या पर पूजा का विशेष महत्व

श्रद्धालुओं का मानना है कि शनि अमावस्या के दिन पूजा-पाठ और दान करने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे।

मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रही वहीं पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

### भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, स्वास्थ्य और शांति की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति द्वारा दर्शन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## शाम को विशाल भंडारे का आयोजन

शाम होते ही मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में सहयोग किया। भंडारे में दूर-दूर से आए भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।

## इनका कहना है



शनि अमावस्या हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखती है। इस दिन शनि देव की पूजा-अर्चना और दान करने से जीवन की बाधाएं दूर होने की मान्यता है।

**सुमा साहू**



मेरा मानना है कि इस दिन की गई आराधना से सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है।

**अंजना श्रीवास**

कार्यक्रम | सर्वधर्मस्थल का भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

# कोसम वृक्ष की छाया में गूंजे आस्था और एकता के स्वर





**नवभारत, जबलपुर।** गोरैया घाट स्थित अनूप विहार एडब्ल्यूएचओ कॉलोनी में आस्था, श्रद्धा एवं सामाजिक एकता का अनुपम संगम देखने को मिला, जब नव-निर्मित सर्वधर्मस्थल में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अनूप विहार के अनेक सदस्य एवं उनके परिवारजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में भक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक सौहार्द की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली। कार्यक्रम में कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी , अखिलेश जैन डायरेक्टर कोल इंडिया एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने सर्वधर्मस्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की और उपस्थित महिलाओं से देवी-देवताओं के समक्ष आशीर्वाद प्राप्त कर नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया।

### हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन

समारोह के दौरान विधायक अशोक रोहाणी एवं नगर निगम अध्यक्ष ने अनूप विहार के सदस्यों से कॉलोनी की समस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की और हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। विदित हो कि अनूप विहार में निर्मित यह सर्वधर्मस्थल केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। लगभग 100 वर्ष पुराने कोसम वृक्ष की छाया में निर्मित यह स्थल सभी जाति, वर्ग एवं समुदाय के लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास है। इस पुनीत कार्य को साकार करने में कर्नल दीपक अग्रवाल, विंग कमांडर सतीश शर्मा, कर्नल राजेश मिश्रा, जतिंदर फ्लोरा, बिट्टू बेदी, डी.के. बाजपेयी एवं अनिल द्विवेदी की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। उनके समर्पण, सहयोग एवं अथक प्रयासों से यह सपना साकार हो सका।समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने सर्वधर्मस्थल को सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बताते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत माना।



# बड़े फुहारा में मिठाई बांटकर जताई खुशी

**भोजशाला धार में सनातन धर्म की जीत का मामला**

**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट के द्वारा धार स्थित भोजशाला में हाई कोर्ट का निर्णय का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर करते हुए बड़े फुहारा में मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी कर उत्सव मनाया गया। इस मौके पर हरे कृष्णा आश्रम आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग प्रचारक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल , सह संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल , संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा ,विनोद दीवान, मनोज गुलाबबानी छन्नू, राम पटेल, विनोद विश्वकर्मा ,दुर्गा पटेल ,गुड्डू नेता , शिवकुमार पटेल ,कैलाश विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।